Regarding alleged attack on Hindus in Jharkhand

**श्री मनीष जायसवाल (हज़ारीबाग) :** सभापति जी, मैं आपका ध्यान झारखंड राज्य में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के ऊपर दिलाने के लिए खड़ा हुआ हूं । सरस्वती पूजा के दौरान रामगढ़ जिले के सोसो कलां गांव में महिलाएं और बच्चे मूर्ति विसर्जन के लिए जुलूस लेकर जा रहे थे । बच्चों पर पथराव किया गया । एक बेटी बहुत गंभीर रूप से घायल है । केस हुआ लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई । इसके विपरीत काउंटर केस पुलिस की तरफ से हिंदू समुदाय के प्रति फाइल कर दिया गया । इसी प्रकार वर्ष 2022 में बरही में रूपेश पांडे जी की हत्या हुई और बड़का गांव जो हजारी बाग का हिस्सा है, वहां महूदी गांव है, वहां आजादी के बाद से एक सड़क विशेष पर रामनवामी के जुलूस को निकालने की अनुमति नहीं दी जा रही है । एक विशेष समुदाय के द्वारा जुलूस को निकालने से रोका जा रहा है । भारत गणराज्य में यह सड़क है और हर व्यक्ति को आने-जाने की अनुमति है ।

महोदय, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि केंद्र सरकार इस विषय में हस्तक्षेप करे और हिंदुओं पर जो अत्याचार झारखंड में हो रहा है, उसे रोकने के लिए कार्यवाही करे । इसके साथ महूदी के जुलूस को सम्पादित कराया जाए ।